तापमान
अधिकतम 44 .4 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 जून 2024

11 बरसाती सीजन से पहले चल रहा है नाले-नालियों...


12 पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की किस्त किसानों के खाते में ...


## खबर संक्षेप

### नशा तस्कर को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने वीवर्स कॉलोनी में स्कूल के पास नशा तस्कर अजय निवासी कारद हाल न्यू खादी कॉलोनी, पानीपत को 12 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। इधर, पुलिस ने आरोपी को पूरे मामले की जानकारी लेने के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### सनौली पुलिस ने दो चोर को दबोचा

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने खेत से ट्यूबवेल की तार व आंगनवाड़ी केंद्र व स्कूल में चोरी करने वाले दो आरोपियों रिहाज पुत्र लियाकत व शोयब पुत्र अख्तर निवासी गांव पत्थरगढ़ जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की चार वारदातों का खुलासा हुआ। इधर, इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सनौली में तनवीर पुत्र इमतियाज निवासी नवादा आर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### महाविद्यालय में ड्रग्स एडिक्शन पर सेमिनार

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब एवं संस्कार शाला क्लब के द्वारा ड्रग्स एब्यूज व ड्रग्स एडिक्शन विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, डॉ. निधान सिंह,डॉ.विक्रम कुमार, प्रो.ईरा गर्ग, प्रो.अजय पाल सिंह संयोजक यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब, प्रो अश्वनी गुप्ता संयोजक संस्कार शाला क्लब एवं प्रो.रेखा शर्मा के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता सतीश कुमार वत्स डीएसपी हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रहे। वहीं, प्रो.अजय पाल सिंह एवं प्रो.अश्वनी गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। इस आयोजन में प्रो.निशा गुप्ता, प्रो.मानित कौर व टिंकू कुमार का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन प्रो.रेखा शर्मा द्वारा किया गया।


# पानीपत में शराब की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

## दमकल की दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया

हरिभूमि ▶▶| पानीपत

पानीपत की जीटी रोड पर बरसत मोड पर पीवीआर मॉल के बाहर शराब ठेके पर मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग से ठेके में रखी शराब, इंवर्टर बैटरी समेत अन्य सामान जल गया। दमकल की दो गाड़ियों की मदद से आग को काबू किया गया। इधर, ठेकेदार विमल राणा का दावा है कि आग की इस घटना से उनका करीब 40 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं, राणा ने बताया कि उन्होंने 12 जून को ही ये ठेका शुरू किया है। ठेके में करोड़ों का माल रखा है। बीती रात को ठेका ठीक से बंद कर सभी घर चले गए थे। दो नौकर, ठेके के ऊपर बने कमरे में रहते हैं, जोकि वही पर सो रहे थे। उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे राहगीरों से ठेके के शटर से धुआं बाहर आने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही उसने ऊपर सो रहे कारीगरों को फोन किया और हादसे के बारे में बताया। साथ ही दमकल को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए।

■ लाखों की कीमती शराब आग की भेंट चढ़ी चुकी


पानीपत। शराब की दुकान में आग में जला सामान।

वहीं, करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिस दौरान भीतर सामान को चेक किया गया। आगजनी में इंवटर बैट्ररियां भी जल चुकी थी। कीमती शराब भी आग की भेंट चढ़ी चुकी थी। दूसरी ओर, दमकल अधिकारियों ने दुकान में आग लगने के कारणों व हुए नुकसान की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली संकट गहराया, किसानों ने पॉवर हाउस पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बिजली संकट को लेकर मंगलवार को भारी संख्या में किसानों ने अधोया पॉवर हाउस पर हंगामा कर दिया।इस दौरान रोषित किसानों ने पॉवर हाउस को ताला जड़ दिया। किसान नेता राजदीप सिंह अधोई ने कहा कि विभाग द्वारा खेतों में बिजली सप्लाई का कोई शेडयूल नहीं बनाया। यदि शेडयूल है तो किसानों को उस की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली सप्लाई की तीन दिन बारियां चलती हैं। जो फीडर खराब हो जाते हैं, उन्हें ठीक तो करवाया जाता है लेकिन इन दौरान की जो बारी होती है वह उन्हें नहीं मिलती। यदि कहीं ब्रेकडान या लाइन खराब होती है तो इसकी जानकारी भी किसानों को नहीं होती। उन्होंने कहा कि इन दिनों धान की रोपाई कार्य शुरू हो चुका है और ऐसे में किसानों को बिजली की जरूरत है क्योंकि बिना पानी के रोपाई नहीं हो सकती। सीजन के कारण किसान दिन रात खेतों में पड़ा है। लेकिन बिजली के न आने से उनका सारा दिन बर्बाद जाता है। इस अवसर पर किसानों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की। सूचना मिलते ही एसडीओ विशाल सैनी किसानों के पास पहुंचे और उनकी समस्या को सुना। एसडीओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्या का हल हो जाएगा। इसके लिए एक व्हाटसएप ग्रुप बना दिया जाएगा जिसमें बिजली के शेडयूल, ब्रेकडाउन या बिजली आपूर्ति से संबंधित जानकारी डाली जाएगी।

■ किसान बोले खेती के लिए नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, रिहायशी कॉलोनियों में भी हाहाकार



बराड़ा। बिजली बोर्ड कार्यालय को किसानों द्वारा लगाया गया ताला।

### धान के सीजन में बिजली कटौती से किसान परेशान

**कुरुक्षेत्र।** बिजली समस्या से जिलेवासी परेशान है। बिजली को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों में है। जहां बिजली कटौती व बार-बार खराबी आने से लोगों में आक्रोश है। बिजली समस्या का असर खेती किसानी पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि बिजली बंद होने से कृषि पंप व बोर से पानी नही मिल रहा। इससे सिंचाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है। बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण क्षेत्रों का बुरा हाल है। जिले में सिंचाई का प्रमुख साधन नदी व नहर है। इसके अलावा कृषि पंप व बोर से भी आवश्यकता अनुसार सिंचाई कार्य किया जाता है। लेकिन यहां के कई गांव में बिजली कटौती, लाइन फाल्ट आने व लो वोल्टेज की समस्या के कारण कृषि पंपो क नियमित रूप से संचालन नही हो पा रहा है। जिले के सभी खंडो में सैकड़ों किसानों ने धान व सब्जी की खेती के लिए कृषि पंप से सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन लिया है। खरीफ की फसल के लिए वे मानसून की बारिश व नहर के पानी पर निर्भर रहते है। लेकिन बारिश ठीक से नही होने व नहर का पानी जिन गांवों तक पहुंच की सुविधा नही है। वहां किसानों को कृषि पंपों के भरोसे रहना पड़ता है।

# पुराने इंतकाल से संबंधित समस्याओं का समय रहते समाधान करें अधिकारी:सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने पुराने इंतकालों से संबंधित विषय पर व समाधान शिविर में आ रही समस्याओं बारे उपायुक्त कार्यालय में राजस्व विभाग, नगर परिषद व संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए विस्तार से समीक्षा की और इन समस्याओं के समाधान बारे बेहतर समन्वय से निपटान करने बारे निर्देश दिए ताकि आमजन को इन कार्यों को करवाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना आए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से पुराने इंतकाल से संबंधित विषय पर जानकारी हासिल की।


कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते राज्य मंत्री सुभष सुधा। फोटो : हरिभूमि

इस विषय के तहत लोगों को जो परेशानी आती है, उसका समाधान कैसे हो, उस बारे भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि गांव दर्रा खुर्द व दर्रा खेड़ा से संबंधित लोगों की जो भी इंतकाल से संबंधित शिकायत या समस्या है, वह अपनी पुरानी रजिस्ट्री व अन्य दस्तावेज दिखाकर इंतकाल करवा सकते है, इस कार्य के लिए तहसील में स्पेशल टीम भी लगाई गई है।

इस मौके पर डीआरओ विकास सिंगरोहा, ईओ नगर परिषद अभय यादव, नायब तहसीलदार परमजीत के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने किया वन्य प्राणी क्षेत्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

वन एवं पर्यावरण मंत्री हरियाणा सरकार संजय सिंह तथा मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने सरस्वती कंजर्वेशन रिजर्व का दौरा किया। सरस्वती कंजर्वेशन रिजर्व 11003 एकड में फैला हुआ है, जिसमें करीब 4000 एकड कुरूक्षेत्र जिले में तथा 7000 एकड कैथल जिले में पड़ता है। यह क्षेत्र अक्तूबर 2007 में कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किया गया। इससे पहले यह क्षेत्र वन्य प्राणी विहार के रूप में नोटिफाईड था। इस वन्य प्राणी क्षेत्र में पाढा हिरण, चीतल, लोमडी, खरगोश, बंदर, जंगली बिल्ली, नील गाय, सांप इत्यादि जानवरों का आवास पाया जाता था। जंगली जानवरों के पीने के पानी के प्रबंध हेतु वन एवं वन्य प्राणी विभाग द्वारा इस क्षेत्र में 22 तालाब तथा 5 गजलर बनाए गए, जिसमें बारिश में पानी भर जाता है तथा कुछ तालाब व गजलर में विभाग द्वारा टैंकर या टयुबवैल से पानी भरा जाता है, जिसके लिए इस क्षेत्र में विभाग द्वारा 4 टयूबवैल लगाए गए हैं। इस क्षेत्र में मुख्यत मस्कट एवं सफेदा प्रजाति के पौधे पाए जाते हैं। इसलिए वन्य प्राणी क्षेत्र में जगली जानवरों को आवास एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु विगत पांच वर्षों में 23000 देशी प्रजाति जैसे जामुन, पिलखन, सहतुत, बड, पीपल इत्यादि प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं, जिनकी सफलता 80 प्रतिशत से अधिक है। वन क्षेत्र में आग से बचाने हेतु व्यापक प्रबंध किये गये है। करीब 77 किलोमीटर लम्बी फायर लाईन को मैंटेन किया गया है तथा आग की सूचना उपलब्ध करवाने एवं आग बुझाने के लिए 15 फायर वाचर जंगल में तैनात किये गये हैं। जंगलों को आग से बचाने के सभी आवश्यक उपाय किए जाएं तथा कर्मचारी एवं अधिकारी नियमित रूप से वन क्षेत्र का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान वन मंत्री के साथ पंकज गोयल, प्रधान मुख्य वन सरंक्षक वन बल, विनित गर्ग प्रधान मुख्य वन सरंक्षक वन्य प्राणी, विनोद कुमार प्रधान मुख्य वन सरंक्षक वानिकी, के.सी. मीना प्रधान मुख्य वन सरंक्षक उपस्थित रहे।

■ जंगलों को आग से बचाने के सभी आवश्यक उपाय किए जाने के दिए निर्देश


पिहोवा। वन्य प्राणी क्षेत्र का निरीक्षण करते वन मंत्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती। फोटो : हरिभूमि

# इसराना में बस अड्डे के लिए विधायक व अधिकारियों ने निरीक्षण किया

इसराना। पानीपत के बडे गांवों में से एक इसराना के रोडवेज बस अड्डे के लिए जनता की आवाज विधानसभा में बुलंद करने वाले कांग्रेस विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि मंगलवार को हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के महा निदेशक सुजान सिंह को लेकर इसराना ओर मतलौडा पहुंचे ओर जगहों का निरीक्षण किया। इसराना में पहले बस अड्डा तो था वह पूरी तरह से खंडर हो चुका है। अब नये बस अड्डे के लिए नेशनल हाईवे रोहतक पानीपत पर विश्वकर्मा मंदिर के पास जगह का निरीक्षण किया गया है। इस अवसर पर हल्का इसराना विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि ने सरकार पर आरोप लगाये कि वह कौन सी ताकत है जो इसराना में बस अड्डे के निमार्ण कार्य में रोड़ा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इसराना में बस अड्डे के निमार्ण कार्य में रोड़ा बना रहा तो तीन महीने बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेंगी। उसके बाद इसराना में बस अड्डा बनकर रहेगा। वहीं हरियाणा राज्य परिवहन विभाग महानिदेशक सुजान सिंह ने कहा कि आज हमने इसराना के पुराने बस अड्डे की हालात ओर जगहों का निरीक्षण किया है।


पानीपत। नए बस अड्डे को लेकर चर्चा करते हुए विधायक बलबीर वाल्मीकि व रोडवेज अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### एमपी के नागरिक की जेब काटी

**पानीपत।** पानीपत के रेलवे स्टेशन पर कालका से दिल्ली तक सफर कर रहे प्रताप सिंह निवासी रीवा, मध्यप्रदेश की चोरों ने जेब काट ली। प्रताप दो जून को नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12312 से कालका से दिल्ली जा रहा था। प्रताप की जेब में 36 हजार रुपए थे। भीड़ का फायदा उठा कर चोर रुपए चुरा ले गए। इधर, प्रताप ने जेब कटने की शिकायत डाक के माध्यम से अंबाला जीआरपी को भेजी। यहां से जीरो एफआइआर पानीपत को भेजी गई। पानीपत जीआरपी थाना ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परीक्षाओं की तिथियों में किया बदलाव

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 18 जून, 2024 को आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 18 जून को आयोजित होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा के कारण कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा कुछ परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि 18 जून को एमएससी ज्योग्राफी प्रीवियस के पेपर-4, एमए पॉलिटिकल साइंस प्रीवियस के पेपर-4, एमए एआईएच प्रीवियस के पेपर-4 व एमए एजुकेशन प्रीवियस के पेपर-4 की परीक्षा अब 28 जून को दोपहर 1.30 बजे आयोजित की जाएगी। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि एमबीए(एचएम) पार्ट-2 फाइनेंशियल मैनेजमेंट की परीक्षा 3 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे आयोजित होगी तथा इसके साथ ही एमलिब साइंस के पेपर-4 की 18 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा 27 जून को प्रातः 9.30 बजे आयोजित होगी।

## सियासत

### भाजपा समेत अन्य राजनैतिक दलों के धुरंधर भी जगाधरी विधानसभा सीट को फतेह करने के लिए अपने तरकशों से छोड़ने लगे चुनावी बाण

# कांग्रेस के कई धुरंधर जगाधरी विधानसभा में चुनावी दंगल में कूदने को कसने लगे लंगोट

भगवान सिंह राणा ▶▶| यमुनानगर

लोकसभा चुनाव में जगाधरी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को मिली 15 हजार 446 मतों की लीड को लेकर भाजपा अपनी हार का मंथन करने में लगी है। वहीं, लीड मिलने से उत्साहित कांग्रेस विधानसभा-2024 में अपनी जीत को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रही है।

आलम यह है कि जगाधरी विधानसभा से विधायिका का टिकट पाने की चाहत रखने वाले कांग्रेस में कई दावेदार लाइन में लगे हैं और उन्होंने अपने आकाओं से संपर्क साधने शुरु कर दिए हैं। वहीं, भाजपा में अभी कृषि मंत्री कंवरपाल ही टिकट मिलने के लिए प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि चुनावी बिसात शुरु होने से पहले ही बसपा ने जगाधरी विधानसभा सीट पर नगर पालिका जगाधरी के पूर्व प्रधान रहे दर्शन लाल खेड़ा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जिसकी वजह से कांग्रेस समेत अन्य राजनैतिक दलों के धुरंधर दलित वोटों को साधने में लग गए हैं।

■ लोकसभा चुनाव में जगाधरी विधानसभा से कांग्रेस को मिली थी 15446 मतों की लीड


भरतीय जनता पार्टी के कंवरपाल


कांग्रेस भूपेंद्र गुट के नेता चौ. जाकिर हुसैन


कांग्रेस कुमारी शैल्जा गुट के नेता चौ. अकरम खान


बसपा के घोषित प्रत्याशी दर्शन लाल खेड़ा।


आप के दावेदार आदर्श पाल

### लोस चुनाव में जगाधरी विस में राजनैतिक दलों की यह रही स्थिति

जगाधरी विधानसभा क्षेत्र से हालहि में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी वरूण चौधरी को कुल 90 हजार 435 मत मिले। जबकि भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को कुल 74 हजार 989 मत मिले। इस विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को 15 हजार 446 मतों की लीड मिली। वहीं, बसपा प्रत्याशी को 2212, इनेलो को 551 व जजपा को 410 मत मिले। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र से लीड मिलने पर कांग्रेस में टिकट पाने की चाहत रखने वालों में होड़ सी मच गई है।

### कांग्रेस में कई हैं मजबूत दावेदार

जगाधरी विधासभा सीट पर कांग्रेस में टिकट की चाहत रखने वाले कई मजबूत दावेदार उभरकर सामने आ रहे हैं। जिन्होंने अपने-अपने तरीके से चुनावी अभियान शुरु कर दिया है। इन उम्मीदवारों में पूर्व डिप्टी स्पीकर चौ. अकरम खान, चौ. जाकिर हुसैन , पूर्व विधायक चौधरी अर्जुन सिंह, श्याम सुंदर बत्तरा, पूर्व मंत्री रहे सुभाष चौधरी व श्याम सुंदर बत्रा समेत कई अन्य भी टिकट पाने के लिए भाग दौड़ करने में लगे हैं।

### भाजपा में कृषि मंत्री कंवरपाल प्रबल दावेदार

राजनैतिक विशेषज्ञों का मानना है कि कृषि मंत्री कंवरपाल द्वारा जिस तरह वर्ष 2014 से लेकर अब जून 2024 तक जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में सड़कें, पुल, हाईवे, गलियां, सरकारी कॉलेज, आईटीआई, छछरौली को उपमंडल का दर्जा दिलाने समेत हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं। वहीं, दूसरा कारण यह भी है कि लोकसभा चुनाव में वह जगाधरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को 74 हजार 989 मत दिलाने में सफल हुए हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव में वह इतने मत दिलाकर भी जगाधरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को जीताने में सफल नहीं हो सके हैं। मगत गत विधानसभा 2019 के चुनाव में कंवरपाल को 66 हजार 376 वोट मिले थे और कांग्रेस के प्रत्याशी अकरम खान को 50003 मत मिले थे। गत विधानसभा चुनाव में मिले मतों की तुलना की जाए तो इस बार लोकसभा चुनाव में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है। जिससे कंवरपाल की टिकट की दावेदारी ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है।

### बसपा बिगाड़ सकती है समीकरण

जगाधरी विधानसभा सीट पर बसपा ने नगर पालिका जगाधरी के पूर्व प्रधान रहे दर्शन लाल खेड़ा को अभी से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। दर्शन लाल खेड़ा की जगाधरी विधानसभा में दलित समुदाय समेत अन्य सभी समुदायों में अच्छी खासी पकड़ है। जिसकी वजह से वह चुनाव में कांग्रेस समेत अन्य राजनैतिक दलों के समीकरण बिगाड़ सकते हैं। गत विधानसभा चुनाव 2019 में जगाधरी क्षेत्र से बसपा के उम्मीदवार को 47 हजार 988 मत मिले थे और वह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार बसपा उम्मीदवार दर्शन लाल खेड़ा कांग्रेस व भाजपा समेत अन्य राजनैतिक दलों को कड़ी टक्कर देने में सक्षम दिखाई दे रहे हैं।

### आप का भी बढ़ा है जनाधार

आप पार्टी में आदर्श पाल सशक्त दावेदार माने जा रहे हैं। गत विधानसभा चुनाव में उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था। मगर इस बार आप में शामिल होने से पार्टी की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है। उधर, इनेलो व जजपा में अभी कसमकश चल रही है। दोनों पार्टियों के नेताओं का कहना है कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर ही चुनावी मैदान में प्रत्याशी का नाम घोषित किया जाएगा।

### राइस मिल में घुसकर चौकीदार से मारपीट

**मुलाना।** गोली गांव के पास स्थित एक राइस मिल में युवकों ने घुसकर चौकीदार को पीट दिया। इसके बाद आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया ।पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नोहनी गांव के रविंद्र बंसल ने बताया कि उसका गोली टीओ साहा रोड पर राइस मिल है। रविवार रात करीब 1:30 बजे कुछ युवकों ने राइस मिल में घुसकर चौकीदार विनोद कुमार से मारपीट की। फिर राइस मिल में ट्रांसफार्मर के अंदर का सामान इन्वर्टर की बैटरी सहित नकदी चोरी कर ले गए । पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है।

■ मारपीट करने के बाद आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया

■ इन्वर्टर की बैटरी सहित नकदी चोरी कर ले गए

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार फतेह चंद चावला का औचक निधन



**करनाल।** जिले के वरिष्ट पत्रकार फतेह चंद चावला का सोमवार देर शाम औचक निधन हो गया। वह करीब 66 वर्ष के थे तथा पिछले 35 सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे थे। वह अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी व दो बेटियों को छोड़ गए है। पिछले कई सालों से जनहित से जुड़ी खबरों और सामाजिक खबरों पर उनकी अच्छी पकड़ थी। वह पत्रकारिता के साथ-साथ समाज को भी एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहे थे। सोमवार की शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़. गई। हालांकि उन्हें चडीगढ़ भी ले जाया गया मगर उन्होंने अंतिम सांस छोड़ ली।

### 196 वाहन चालकों के काटे लाइन चेंज चालान

करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल दीपक सहारन के निर्देशानुसार नेशनल हाइवे करनाल पर यातायात को व्यवस्थित करने व लापरवाही से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए प्रबंधक थाना यातायात निरीक्षक सुरेश कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ एक विशेष अभियान के तहत गांव उचानी के सामने नाकाबंदी करके 196 वाहन चालकों के लाइन चेंज के चालान किए गए और उन्हें बताया गया कि किस प्रकार से वे लोग यातायात नियमों का पालन न करके दूर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। ऐसा करके हम न केवल स्वयं को बल्कि दूसरों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे हैं।

### शिविरों में 59 में 31 मामलों का निपटारा

**करनाल।** हरियाणा सरकार के आदेशानुसार आज यहां लघु सचिवालय में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने की। वे खुद लोगों के बीच पहुंचे और संबंधित कर्मचारियों से संपर्क कर उनकी शिकायतों का निवारण कराया। जिला में आयोजित शिविरों में 59 शिकायतें आईं जिनमें से 31 का मौके पर ही निपटारा किया गया। राज्य सरकार के निर्देश पर हर कार्य दिवस पर यहां लघु सचिवालय में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों के निपटारे के लिये समाधान शिविर आयोजित किए।

### भविपा के सदस्यों द्वारा गोशाला में सेवा की

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी ने आज निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर गौ सेवा प्रकल्प के दौरान शांतिवन गौशाला तरावड़ी में आज गौ माता की सेवा करने के पश्चात उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा ने बताया कि वैसे तो शहर में निर्जला एकादशी के अवसर पर जगह-जगह पर जल पिलाने की, शरबत पिलाने की छबील लगाई जाती है और आज भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी ने इस पावन दिवस पर कुछ हटकर करने का कार्यक्रम किया।

### सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ लेनी चाहिए

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स मीट का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ जिसमें फाउंडेशन के टॉप लीडर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर चीफ गेस्ट के रूप में इंटरनेशनल प्रेसिडेंट महिला प्रकोष्ठ डा. निशा गुप्ता, इंटरनेशनल चेयरपर्सन ईशा बंसल, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर राखी गर्ग, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर फैशन प्रकोष्ठ तरुण कपूर एंव इंटरनेशनल डायरेक्टर संजीव सीकरी ने शिरकत की। इस अवसर पर फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को उनके करप्शन फ्री इंडिया अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए फूल मालाएं पहनाकर एवं उपहार देकर चीफ गेस्ट्स द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टॉप लीडर्स अवार्ड से पवन शर्मा, पायल मित्तल रहे।

## बरसात के पानी की निकासी के लिए प्रशासन अलर्ट

# पानी निकासी के 24 बड़े नाले व राम नगर नालों की सफाई हुई पूरी

**जून में सभी मुख्य नालों की सफाई होगी पूरी कर्ण कैनाल नाला की सफाई चालू सप्ताह में होगी पूरी, ड्रेन नम्बर-1 के 60 प्रतिशत हिस्से की सफाई मुकम्मल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि मानसून से पहले शहर के सभी मुख्य नालों की सफाई का कार्य चालू मास के अंतिम सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसे लेकर लक्ष्य को पूरा करने के लिए नगर निगम की इंजीनियरिंग विंग मिशन मोड में कार्य कर रही है। बरसाती नालों की सफाई कार्यों की जानकारी देते उन्होंने बताया कि शहर की भिन्न-भिन्न लोकेशन्स पर मौजूद 24 बड़े नालों की सफाई पूरी कर ली गई है। इसके अतिरिक्त राम नगर नाला, जो काछवा पुल से शुरू होकर मीरा घाटी आई.पी.एस. (इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन) तक जाने वाले नाले की सफाई का कार्य भी मुकम्मल हो गया है। इस नाले की लंबाई करीब 4200 मीटर है। उन्होंने बताया कि अगर बरसाती दिनों में किसी जगह पर सफाई की दोबारा आवश्यकता हुई तो, उसे भी करवाया जाएगा।

कर्ण कैनाल नाला की सफाई चालू सप्ताह में होगी पूरी- उन्होंने बताया कि कर्ण कैनाल नाले की सफाई का काम भी जोरों से चल रहा है। इसके फेज-3 की सफाई मुकम्मल हो गई है, जबकि फेज-2 की सफाई इसी सप्ताह में मुकम्मल कर ली जाएगी। इसके अतिरिक्त नेशनल हाईवे से आगे की ओर जाने वाली ड्रेन नम्बर-1 की सफाई भी तेजी से करवाई जा रही है। एन.एच.-44 से सेक्टर-4 पुलिया तक ड्रेन के अंदर से जमी गाद व घास-फूस को पोकलेन मशीन से निकालकर सफाई की जा रही है। इसके तहत जितना सम्भव बन पा रहा है, ड्रेन की गहराई और चौड़ाई भी बढ़ाई जा रही है, ताकि बरसाती पानी निर्बाध रूप से प्रवाहित हो सके। इसका करीब 60 प्रतिशत कार्य मुकम्मल किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि नूर महल चौक से फूसगढ़ रोड तक ग्रीन बेल्ट के अंदर से गुजर रहा नाला व फूसगढ़ से छपरा खेड़ा तक आर.सी.सी. पाईप नाला की सफाई करवाई जा रही है। दोनों ड्रेन का करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त क्लॉक टावर से मुगल कैनाल को जाने वाली बॉक्स ड्रेन की सफाई भी 80 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। इनका शेष कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में अमरूत योजना के तहत बरसाती पानी निकासी के लिए 4 आई.पी.एस. यानि इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इनमें आई.पी.एस. हैरीटेज, मीरा घाटी, हकीकत नगर व सैदपुरा शामिल हैं। बरसाती सीजन में इनके सुचारू रूप से संचालन के लिए निजी एजेंसी की मार्फत 12 ऑप्रेटर रखे जाएंगे।

### डिस्पोजलों के संचालनका टेण्डर खुला

निगमायुक्त ने बताया कि शहर में निगम के अधीन 11 डिस्पोजल हैं, इनके संचालन और रख-रखाव करने का टेण्डर खुल चुका है। अब इस पर काम शुरू होगा, जो अगले साढे 3 महीने तक चलेगा, अर्थात पूरा बरसाती सीजन मेंटेनेंस जारी रहेगी। इस कार्य में सभी जगह जेनरेटर सेट और मैनपावर एजेंसी ही मुहैया करवाएगी। इसकेसाथ-साथ उनकी मेंटेनेंस भी सम्बंधित एजेंसी ही करेगी। डिस्पोजल पर लगी मोटरें खराब होने की सूरत में ठीक करवाना भी एजेंसी की जिम्मेदारी रहेगी। सभी डिस्पोजल पर कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में रहेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य में भिन्न-भिन्न डिस्पोजल पर 25, 62 व 125 केवीए क्षमता के जेन सेट तथा साढे 7, 10, साढे 17, 20, 50 व 100 एच.पी. क्षमता की मोटरें लगाई जाएंगी।



करनाल। कार्यकर्ताओं के बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

# सीएम को अपने बीच पाकर गदगद हुए पार्टी कार्यकर्ता

- मुख्यमंत्री मन की बात को सांझा करने के लिए पहुंचे कार्यकर्ताओं के घर,
- देर सायं तक कार्यकर्ताओं से की बातचीत और सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह की सादगी को करनाल के हर नागरिक पसंद करते है और मुख्यमंत्री लोगों की समस्याओं को जानने और उनका समाधान करने के लिए सीधा लोगों के बीच पहुंच जाते है। एक बार फिर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एनडीआरआई कार्यक्रम के समापन के बाद सीधा लोगों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनी। अहम पहलू है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने मन की बात को सांझा करने और कार्यकर्ताओं के मन की बात को जानने के लिए देर सायं कार्यकर्ताओं के घर भी पहुंचे। यहां पर कार्यकर्ताओं के साथ चाय पीते पीते खुलकर कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के मन की बात को सुना। मुख्यमंत्री की इस कार्यशैली को देखकर हर कोई दंग था और कार्यकर्ताओं की खुशी का ठिकाना भी नहीं था। उन्होंने लोकसभा आम चुनाव तथा करनाल विधानसभा के उप चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने के लिए भी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मॉडल टाउन निवासी डॉ नरेन्द्र बाम्बा के घर पहुंचकर जलपान किया और कार्यकर्ताओं की बात सुनी। इसके उपरांत हकीकत नगर गली नम्बर 2 निवासी डॉ ईश्वर पाल के निवास पर पहुंचे और वहां पार्टी कार्यकर्ताओं का हालचाल जाना। इसके बाद देर सायं सेक्टर 33 निवासी उमेश के घर पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

# 14 वर्षीय युवक की पेट में साइकिल का हैंडल घुसने से मौत, कोहराम

- घर का इकलौता चिराग बुझने से गम में डूबे परीजन
- मृतक मामा के घर रहता था घर के बाहर हुआ दर्दनाक हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा के पास बाजिदपुर गांव में 14 वर्षीय लड़के के पेट में साइकिल का हैंडल घुसने से युवक की मौत हो गई। वह घर के बाहर साइकिल चला रहा था। तभी ये हादसा हुआ। मृतक लड़का माता-पिता का इकलौता बेटा था। लड़का कुंजपुरा के पास बाजिदपुर में मामा के घर रहता था। स्कूल में छुट्टियां होने के चलते मां से मिलने आया था।मृतक के मामा विक्रम शर्मा ने बताया कि बहन करनाल के कलंदरी गेट के पास रहती है, लेकिन भांजा भविष्य शर्मा करीब डेढ़ साल से मेरे पास रह रहा था और वहीं पढ़ाई कर रहा था। भविष्य को आज 11 बजे मेरे पास आना था। उन्होंने बताया कि भांजा साइकिल चलाने का शौकीन था। बीते सोमवार को करीब 10 बजे वह साइकिल पर घूमने के लिए घर से निकला, लेकिन कुछ दूर जाने के बाद वह साइकल से गिर गया। इसके बाद जब बच्चे के पेट से हैंडल निकाला गया तो खून बहने लगा। करीब 5 से 7 यूनिट खून बह चुका था। परिजनों ने तुरंत उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे चंडीगढ़ की बजाए करनाल में स्थित प्राइवेट अस्पताल रावल में ले गए। यहां से भी डॉक्टरों ने उसे फोर्टिस अस्पताल रेफर कर दिया। उस वक्त तक भविष्य की सांसें चल रही थीं। शाहाबाद के बाद सांस लेने में दिक्कत होने लगी। ये देख उसे वहां नजदीक स्थित आदेश अस्पताल में भर्ती करा दिया। यहां इलाज के दौरान भविष्य की मौत हो गई।

# भाविप ने निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद, कृष्ण शाखा, करनाल द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष में आज जल सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री राम मंदिर, सेक्टर 8, करनाल में किया गया, जिसमें ठंडे मीठे पानी की छबील और आलू का प्रसाद बांटें गए। आज कार्यक्रम के दौरान सभी शाखा सदस्यों ने मिलकर भाग लिया और श्रद्धालुओं को ठंडे पानी की सेवा प्रदान की।

इस कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख मुकेश ढींगरा और संदीप मल्होत्रा रहे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मीनू चावला ने कहा कि आपकी सहभागिता और समर्पण ने इस दिन को विशेष और सफल बनाया। भारत विकास परिषद, कृष्ण शाखा, करनाल का उद्देश्य इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सेवा और सद्भावना को बढ़ावा देना है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सेवा कार्य करते रहेंगे।

सभी शाखा सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। आए हुए सभी शाखा सदस्यों और मातृशक्ति का धन्यवाद किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. जोगिंद्र मदान, श्री राम कुमार जेटली, अनिल मदान, नरेश अरोड़ा , अशोक अरोड़ा, विपिन कौशिक, सुनील भाटिया, अनीता भाटिया, राज अरोड़ा, ममता चंद्रा, ज्योति अरोड़ा, कंचन असीजा, अध्यक्ष मीनू चावला, महिला संयोजिका रीटा मदान, रेणु तनेजा, रविंद्र तनेजा, अनीश अरोड़ा, सचिव सोनिया मेहता, मीडिया प्रभारी विवेक भंडारी तथा नीतिका भंडारी ने अपना सहयोग दिया

# 16 लाख किसानों के खाते में भेजे 335 करोड़: सीएम

- सीएम ने करनाल में पीएम किसान लाभार्थियों को 17वीं किश्त के हस्तांतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का किया शुभारम्भ
- मुख्यमंत्री ने 10 कृषि सखियों को वितरित किए प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के 16 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मात्र एक क्लिक से 335 करोड़ रूपए की राशि जमा करवाई है। यह राशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त के रूप में जमा करवाई गई है। इस योजना से छोटी जोत वाले 80 प्रतिशत किसानों को फायदा मिल रहा है। इस राशि से किसान फसलों के लिए दवाई, बीज खरीद सकता है और इसके लिए अब किसानों को किसी के उपर निर्भर नहीं रहना पड़ता। अहम पहलू है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही अपनी पहली कलम से देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपए की राशि जमा करवाई गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह मंगलवार को एनडीआरआई करनाल के सभागार में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा, कृषि विज्ञान केन्द्र व एनडीआरआई के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 17वीं किश्त जमा करवाने करने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके बाद वाराणसी उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये की राशि जमा करवाई। इसमें से हरियाणा प्रदेश के 16 लाख किसानों के खाते में 335 करोड़ रूपए की राशि जमा हुई है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संबोधित किया और 30 हजार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कृषि सखियों को प्रणाम पत्र भी वितरित किए।

# पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से इंद्री न्यायालय के परिसर में न्यायाधीश मधुर बजाज ने समाजसेवी व पर्यावरण मित्र महिंद्र खेड़ा के सहयोग से सीता अशोक का पौधा रोप कर धरती को हरा भरा और प्रदूषण मुक्त करने का संदेश दिया। पौधरोपण के बाद न्यायाधीश मधुर बजाज ने कहा कि पेड़ पौधों से हमें प्राण वायु, जीव जंतुओं को आश्रय प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन की वजह से धरती पर जीवन संकट में फंसता जा रहा है। जीवन की रक्षा के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण के सवाल पर गंभीर विचार कर उसके समाधान का रास्ता निकालना होगा, साथ ही जमीनी स्तर पर काम करना होगा।



इंद्री। न्यायालय के परिसर में पौधरोपण करते न्यायाधीश मधुर बजाज ।

उन्होंने कहा कि जितने पौधे लगाए जाएं उनके पोषण की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों का आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए आगे आएं और पौधों को पेड़ बनने तक उन्हें बच्चों की तरह पाल पोस कर बड़ा करने में अपनी सामाजिक भूमिका निश्चित करें। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र धर्मवीर लठवाल व राजेंद्र सहित न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# राज्य मंत्री सुभाष सुधा करेंगे तीन दिवसीय योग शिविर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग को बढ़ावा देने के लिए योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मद्देनजर फवारा पार्क सेक्टर बारह में 3 दिवसिय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्री सुभाष सुधा जी (राज्य मंत्री) शहरी स्थानीय निकाय, स्वतंत्र प्रभार मुख्य अतिथि रूप से उपस्थित रहेंगे ।दिनेश गुलाटी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी इस विशेष शिविर में विभिन्न योग विशेषज्ञ और प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे। और योग साधकों को निशुल्क अपनी सेवाएं देंगे। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग संबंधित प्रशिक्षण, जानकारी और योग के शारीरिक और मानसिक प्रभाव के विषय में विस्तार से बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग जुड़कर इस शिविर से लाभान्वित हो सकते है।उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में मिशन की सभी कक्षाओं के साधक एक साथ योग करेंगे।

## आज योग मैराथन तथा 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

# आयुष विभाग ने योग का करवाया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को सफलतापूर्वक मनाने के लिए आयुष विभाग के महानिदेशक अंशज सिंह के दिशा-निर्देशानुसार तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में 13 जून से 15 जून तक अतिरिक्त उपायुक्त की देखरेख में लघु सचिवालय सैक्टर 12 में जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत योग विशेषज्ञ, डॉ अमित पुंज द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। यह जानकारी जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल ने दी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ सोनिया ने बताया कि आयुष ग्राम




जिले में 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता को लोगों को प्रशिक्षण देती विभाग की टीम

कालरों में 29 मई से प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर योग अभ्यास कराये जा रहें है। जिला करनाल में कार्यरत सभी आयुष योग सहायकों तथा योग इंस्ट्रक्टर द्वारा जिला करनाल के सभी राजकीय स्कूलों में 16 जून से 18 जून तक प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही साथ जिला करनाल के विभिन्न पार्कों, योग शेड, व्यायामशालाओं में आयुष विभाग तथा विभिन्न योग संस्थाओं द्वारा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया जा रहा है। आयुष योग सहायकों तथा योग इन्सट्रक्टरों द्वारा 200 से अधिक गाँवों में योग जागरण यात्रा निकाली गई है, 16 व 17 जून को एमडीडी बाल भवन में दिव्यांगजनों को उनकी शारीरिक क्षमता के अनुसार विभिन्न योगाभ्यास कराये गए और निर्मल धाम तथा कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-6 करनाल में वृद्ध व्यक्तियों को 16 व 17 जून को विभिन्न योगाभ्यास करवाये गए।

### यह रहेगी कार्यक्रम की रूपरेखा :डॉ सतपाल

डॉ सतपाल ने बताया कि डॉ नितिन रोहिल्ला (ब्लॉक इंचार्ज) तथा डॉ अमित पुंज की देखरेख में 19 जून को प्रातः 5 बजे एनडीआरआई चौक पर योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा और 21 जून को प्रातः 5 बजे नई अनाज मंडी, करनाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन किया जाएगा। तदोपरान्त प्रातः10:30 बजे सेमिनार हॉल, पंचायत भवन, करनाल में योग सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनमानस से 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### निर्जला एकादशी पर्व पर मीठे पानी की सेवा की

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से हर वर्ष की तरह निर्जला एकादशी पर्व पर जीटी रोड पर मीठे पानी की छबील लगाई। यहां हजारों लोगों ने मीठे पानी का सेवन किया। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष प्रवीन जैन, गंगा गुप्ता कैलाश जैन विनोद गोयल, गुलशन कटारिया, प्रमोद जैन राजेंद्र जैन मोहित जैन,अनिल सिंगला सुभाष गोस्वामी अमित जैन विकास जैन ललित, मिनल जैन अतिशय जैन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### शिवाजी स्टेडियम में मनाया जाएगा योग दिवस

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। आगामी 21 जून को शिवाजी स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 जून को पायलट रिहर्सल के साथ साथ योगा मैराथन का भी शानदार आयोजन किया जाएगा।

### एसडीएम ने की जनसुनवाई

**इसराना।** इसराना उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय में जनता समस्या समाधान दरबार में आज अनेकों शिकायत लेकर पहुंचे। सभी ग्रामीणों की शिकायतों को एसडीएम ज्योति मित्तल ने अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सुना और शिकायतकर्ता को जल्दी हल करने का आश्वासन दिया। वहीं मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए की वह सभी शिकायतों का समय रहते समाधान करें।

### शीतल जल सेवा का हुआ समापन

**पानीपत।** हरियाणा पूर्वांचल कल्याण संघ पानीपत के सदस्यों ने बारह दिनों से लगातार मीठा जल सेवा का मंगलवार को समापन किया। बता दें कि हरियाणा पूर्वांचल कल्याण संघ के सदस्यों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लगातार बारह दिनों से लोगों की प्यास बुझाने बाद आज एकादशी को मीठा जल सेवा असंध रोड बालाजी हॉस्पिटल, टोल प्लाजा हनुमान मंदिर और फुलमदे माता मंदिर काबड़ी पर लगा कर मीठे जल की सेवा का समापन किया।

### योग दिवस को लेकर पायलट रिहर्सल आज

**कुरुक्षेत्र।** नगराधीश रमन गुप्ता ने कहा कि आगामी 21 जून को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरे जोर-शोर से की जा रही है। इसी कड़ी में योग दिवस को सफल बनाने के लिए 19 जून को पायलट रिहर्सल की जाएगी। अहम पहलू यह है कि योग की पायलट रिहर्सल से पहले द्रोणाचार्य स्टेडियम में एक मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा, जो स्टेडियम से शुरू होकर ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में संपन्न होगी।

### आर्य वीरांगनाओं ने सीखे लाठी से आत्मरक्षा के गुर

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर के तीसरे दिन स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती के मार्गदर्शन में सभी आर्य वीरांगनाओं को लाठी से आत्मरक्षा के गुर सिखाए गये।

---

मंत्री महिपाल के साथ किसानों ने प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना

# किसानों की समृद्धि व खुशहाली के लिए सरकार वचनबद्ध : ढांडा

किसानों के हितों को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में जिला पानीपत के 44 हजार 871 किसानो के खाते में 8 करोड़ 97 लाख 42 हजार रुपये की राशि डाली वहीं देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार रुपये से अधिक की राशि सीधे खाते में ट्रांसफर की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देश के किसानों को अपना सम्बोधन भी दिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विकास, पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने जीटी रोड स्थित पीजी कॉलेज के सभागार में प्रधानमंत्री सम्मान निधि कार्यक्रम के तहत आयोजित किसान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि जिले के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार रचनात्मक कार्यों को लेकर आगे बढ़ रही है। किसानों के हितों को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, जिससे किसानों की सामाजिक सुरक्षा व खुशहाली में वृद्धि होगी। किसानों की समृद्धि व खुशहाली को सरकार वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र व राज्य सरकार ने किसानों के लिए ऐसी बहुत सी योजनाओं को क्रियान्वित किया है जिनका वर्तमान में किसानों को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भी ऐसी ही योजना है जिससे किसानों को सम्मान दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना ऐसी प्रमुख योजनाएं हैं जिनका किसानों से सीधा संबंध है व किसान इन का बड़े स्तर पर लाभ ले रहे हैं। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने कहा कि वे स्वयं किसान परिवार से संबंध रखते हैं और किसानों की समस्या से वाकिफ हैं। किसान की समपनता से देश का विकास होगा। इधर, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले भर के किसानो ने शिरकत की व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संदेश सुना।



**पानीपत।** सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए कृषि विभाग के अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

---



# जनता की हर समस्या का समाधान होगा: डॉ. दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के जिला सचिवालय में मंगलवार को समाधान शिविर में 224 समस्याएं विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा प्राप्त हुई। जिनमें बहुत सी समस्याओं का मौके पर निदान किया गया। वहीं, उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर में स्वयं उपायुक्त अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणा साबित हो रहे है। उपायुक्त स्वयं शिविर में निर्धारित समय पर पहुंच कर लोगों की समस्याओं को न केवल सुन रहे बल्कि उनका समाधान करने का भी भरसक प्रयास करते है। उनका यह विश्वास जनता पर एक छाप छोड़ता जा रहा है। यही कारण है कि हर दिन शिकायत लेकर शिविर में पहुंचने वालों की संख्या में बेहताशा वृद्ध हो रही है। डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि समाधान शिविर में जिस विश्वास व तकलीफ को लेकर आम जन मानस पहुंच रहा है उसे किसी भी हद तक निराश नहीं किया जाएगा। जो जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उन पर अधिकारियों के सहयोग से शिददतपूर्वक कार्य किया जा रहा है। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, निगम कमीशनर साहिल गुप्ता, एसडीएम मनदीप सिंह, जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीएमओ जंयत आहुजा, डीआरओ विजय राज सुलतानिया के अलावा विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# जोध सचियार में निर्जला एकादशी पर छबील लगाई

- शहरी व ग्रामीण अंचल में हजारों लोगों ने मीठे पानी की छबील लगा कर नागरिकों को शीतल जल पिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डेरा बाबा जोध सचियार जीटी रोड में निर्जला एकादशी पर ठंडे पानी की छबील लगाकर राहिगिरों के लिये मीठे जल की सेवा की गई। कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के सह सचिव राकेश भयाना ने बताया कि साल की सबसे बड़ी निर्जला एकादशी पर लोग व्रत रखकर आध्यात्मिक उन्नति सुख शांति समृद्धि अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार हर वर्ष निर्जला एकादशी पर सेवादल के सदस्यों के सहयोग से पिछले कई वर्षों से मीठे जल की छबील लगाकर लोगों की सेवा करने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर आशु सेठी, सुनील, जसवंत सिंह, रवि आर्य, प्रदीप,अनिल, राजेन्द्र व अन्य सेवादल के सदस्यों ने मीठा जल पिलाकर सेवाएं दी। दूसरी ओर, निर्जला एकादशी पर जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में हजारों लोगों ने मीठे पानी की छबील लगा कर नागरिकों को शीतल जल पिलाया। सुबह से लेकर शाम तक शीतल जल सेवा चलती रही।


**पानीपत।** डेरा बाबा जोध सचियार के बाहर मीठे पानी की छबील में सेवा करते सेवादल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

# नए बिजली कनेक्शन की एवज में मांगी रिश्वत

- बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता ने नोटिस जारी कर 20 जून को किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समालखा में बिजली निगम के के कार्यकारी अभियंता ने सेवा का अधिकार कानून के तहत अपील मिलने पर बिजली विभाग कर्मियों को नोटिस जारी कर 20 जून को रिकॉर्ड सहित तलब किया है। बिजली कर्मियों पर नया घरेलू बिजली कनेक्शन लेने के आवेदन को छह हजार रुपये घूस न मिलने पर आवेदन रद् करने का आरोप हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि उन्होंने गत 22 मई को नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए रजिस्ट्री की कॉपी, आधार कार्ड व सिक्योरटी राशि सहित ऑन लाइन आवेदन किया था। आरोप लगाया कि 10 जून को मौका मुआयना करने आये बिजली कर्मियों ने आवेदन मंजूर कराने के बदले उनके सहायक से छह हजार रुपये की घूस मांगी। घूस न मिलने पर बेतुकी आपत्ति लगा कर आवेदन रिजेक्ट कर दिया। इसके खिलाफ 12 जून को उन्होंने समाधान प्रकोष्ठ प्रभारी एवं एसडीएम अमित कुमार को लिखित शिकायत दी। लेकिन यूएचबीवीएन के एसडीओ हिम्मत सिंह ने आवेदन के दस्तावेज चैक करने के बाद आरोपियों का ही पक्ष लेते हुए कहा कि उन्हें पावर नहीं है, दोबारा से आवेदन कर दो। कपूर ने गत 15 जून को सेवा का अधिकार कानून के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता को ऑन लाइन शिकायत कर दी।



---

# योग करने से शरीर होता है गंभीर रोगों से निरोग : मल्होत्रा

- योगाभ्यास की शुरूआत ओम ध्वनि और गायत्री मंत्र के जाप से हुई, शुरूआत में व्यक्तियों ने सूक्ष्म क्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी में योग शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों द्वारा योग आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया गया। योगाभ्यास की शुरूआत ओम ध्वनि और गायत्री मंत्र के जाप से हुई। शुरूआत में व्यक्तियों ने सूक्ष्म क्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया। इसके बाद ताड़ आसन, त्रिकोण आसन, योग मुद्रा, मंडुक आसन, कुष्ठ आसन, हल आसन और सेतुबंध आसन जैसे विभिन्न योग आसन किए। विद्यार्थियों को प्राणायाम का अभ्यास करने का निर्देश दिया गया। योग शिविर का समापन ओम ध्वनि के जाप, प्रार्थना और शांति पाठ के साथ हुआ। भारतीय योग संस्थान के योग प्रशिक्षक पंकज मल्होत्रा ने सभी योग क्रियाओं का नेतृत्व किया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. सोनिया सोनी और प्रो. पंकज चौधरी ने योग शिविर का आयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।



---

# जागरण यात्रा निकाल योग के प्रति किया जागरूक

- बुजुर्गों और दिव्यांगों को योग की सरल क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पानीपत में जोरों पर है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.संजय राजपाल द्वारा बताया गया कि जिले कि 14 से 18 जून तक व्यायामशाला और व्यायामशाला के आसपास के पांच गांव में योग सहायकों द्वारा योग जागरण यात्रा निकाली जा रही है। जिसके माध्यम से जन सामान्य को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के साथ-साथ वृद्धा आश्रम और दिव्यांग घरों में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गों और दिव्यांगों को योग की सरल क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 19 जून को शिवाजी स्टेडियम में पायलट रिहर्सल के साथ-साथ योगा मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, सभी विभागों के कर्मचारी व संस्थाएं शामिल होंगी। उन्होंने सभी जिला वासियों का आवाहन किया।



**पानीपत।** योग जागरण यात्रा निकालते हुए योग सहायक व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

---

### शिविर में योगा का अभ्यास किया

**पानीपत।** पतंजलि योग समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत लगाए जा रहे योग शिविरों की श्रृंखला में मंगलवार को माउंट आबू स्कूल अंसल में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने योग के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर सुभाष बजाज, राजेश ठुकराल,आशु, सोनू, कुलभूषण, राजिंद्र, सुमन वधवा, रेखा सेतिया, रोमा, मोनिका सेठी, मंजू, राकेश बाल, कांता सचदेवा, ललिता, प्रीति, सुनीता चुघ, वीना, प्रमिला,किरण, सरला, स्वीटी, नैंसी तथा माउंट आबू स्कूल से प्रिंसिपल अमीषा साहनी आदि मौजूद रहे।

---

# आईटीआई विद्यार्थियों ने ली नशे के विरूद्ध शपथ

- विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से पानीपत पुलिस, नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चल रही है। वहीं, अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बापौली में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। इस दौरान थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज व आईटीआई का स्टाफ भी मौजूद रहा। डीएसपी कादियान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं। नशे का आदी होना आसान है, लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे की लत के कारण होने वाले स्वास्थ्य के नुकसान की भरपाई करना बेहद कठीन है। नशे के कारण व्यक्ति का समाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नयी शुरूआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें।


**पानीपत।** नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए आईटीआई बापौली के विद्यार्थीगण।

---

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटा मिशन

**पानीपत।** संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को संपूर्ण भारतवर्ष में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः 6 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्कों में योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जायेगा। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष अंतराष्ट्रीय योग दिवस का विषय महिला सशक्तिकरण के लिए योग दिया गया है जो निःसंदेह आज के समय की मांग है। संत निरंकारी मण्डल के समाज कल्याण प्रभारी जोगिन्द्र सुखीजा ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखाएं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है।

---

श्री सदगुरु कबीर साहेब का 626वां प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया

# सद्गुरु कबीर ने मानव कल्याण का संदेश दिया: पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सद्गुरु कबीर जनसेवा समिति के तत्वावधान में श्री सदगुरु कबीर साहेब का 626वा प्रकट दिवस बड़ी धूमधाम के साथ कबीर आश्रम, ग्रीन पार्क तहसील कैंप पानीपत में दिल्ली करावल नगर के महंत श्री सुंदर दास साहेब की सानिध्य व अध्यक्षता में मनाया गया। कबीर साहेब के वाणी वचनों का गुणगान से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सबसे पहले सच्चाई के प्रतीक सफेद रंग का झंडा महंत सुंदर दास व उत्तर प्रदेश की किरठल व हरिद्वार गद्दी के महंत बिरंदास साहेब व दिल्ली से पधारे महंत डॉ. नीरज स्वामी, साध्वी महंत लग्न साहेब, गंगादास साहेब की उपस्थित में ध्वजारोहण किया गया। समारोह में पहुंचे मुख्यातिथि समाज की बुजुर्ग महिला भूली देवी व महेंद्र सिंह इस्टान गोद के द्वारा दीप प्रवज्जलित कर समारोह की शुरूआत की गई। मंदिर प्रबंधन कमेटी पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथियों को फूलमालाओं व पगड़ी पहनाने के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इधर, समिति उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित भगतजनो को सम्बोधित करते हुये कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब एक अकेले ऐसे संत सम्राट के रूप में 15वीं शताब्दी में लहरतारा धाम काशी में गुलाब के फूल पर अवतरित हुए जब उस पूरी मानव जाति अंधविश्वासों एव पाखण्डों के कारण कुरीतियों व जाती पाती के भेद में बंटी हुई थी। इस अवसर महंत सुंदर दास, महंत बिरमदास, महंत डॉ. नीरज स्वामी, महंत साध्वी लग्न साहेब, सन्त भगतराज, कुरुक्षेत्र से आये महंत गुरुमुख, महंत देवनारायण, महंत गंगादास, महंत भारती दास, दर्शन दास व सद्गुरु कबीर जनसेवा समिति के प्रधान पदम सिंह, उप-प्रधान ओमवीर सिंह पंवार, सचिव महेंद्र गाहल्याण, सहसचिव विकास कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश डागर, कार्यकरणी सदस्य पाले राम पंवार, रामकुमार, अमित पंवार, नवीन मुडाल आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** श्री सदगुरु कबीर साहेब का 626वा प्रकट दिवस का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

---



### तीन हजार लोगों को खिलाए तरबूज

**पानीपत।** हेल्पेज ऑर्फन्स ने श्री गुरु राम दास सिंह सभा गुरुद्वारा, मॉडल टाउन के बाहर तरबूज वितरण शिविर का आयोजन प्रोजेक्ट आहार के बैनर तले किया जिसमे 3,000 लोगों को मुफ्त तरबूज खिलाया गया। हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल ने बताया कि इस तरबूज वितरण शिविर का आयोजन हर साल की तरह राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए किया गया है और यह तरबूज वितरण शिविर के आयोजन का सिलसिला वर्ष 2019 से चल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन बड़ी सफलता पूर्ण खतम हुआ। इस अवसर पर मनन सिंगल, गगन दीप सिंघ, अर्जुन काठपाल, दीप्ती जैन, प्राची जैन, गवीश त्रेहन, जतिन वर्मा, वेदिका गुलाटी, सौम्य जैन, विवेक सचदेवा, नीतू जैन, रघबीर सिंघ टोनी, टीआ जैन, मृदुल जावा, टीआरा गर्ग, नव्या, पलक गोयल, विशाल गर्ग, अनमोल तनेजा, खुशी मित्तल और महक कटारिया मौजूद रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

सुदेश पुत्री श्री दिवान चंद पुत्र श्री पेडाराम (पत्नी श्री कृष्ण लाल सचदेवा) निवासी मकान नं. 249/9, पठाना मौहल्ला तहसील व जिला पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुदेश पुत्री श्री दिवान चंद पुत्र श्री पेडाराम (पत्नी श्री कृष्ण लाल सचदेवा) निवासी मकान नं0 249/9, पठाना मौहल्ला तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि स्व. श्री पेडाराम पुत्र श्री संत राम की मृत्यु दिनांक 22.04.1976 को हो चुकी है। और मृतक स्व. श्री पेडराम पुत्र श्री संत राम के निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैः- 1. किशोर सिंह (पुत्र) 2. तिर्थदास (पुत्र) 3. ज्वाला (पुत्र) 4. दिवान चंद (पुत्र) 5. सुरिन्द्र पाल (पुत्र) 6. हरदेवी (पुत्री) ही जायज वारिस हैं मृतक की माता स्व. श्रीमति राम देवी का अरसा पहले देहान्त हो चुका है मृतक की पत्नी श्रीमति लूंडिन्दी बाई की अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। मृतक के वारिस दिवान चंद पुत्र श्री पेडाराम का दिनांक 19.07.2004 को देहान्त हो चुका है दिवान चंद पुत्र श्री पेडाराम की मृत्यु उपरान्त सुदेश पुत्री अकेली जायज वारिस है।

इनके इलावा मृतक स्व. श्री पेडाराम पुत्र श्री संत राम का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री पेडाराम पुत्र श्री संत राम के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18/6/24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-
सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

## जिले के 47980 किसानों को योजना के माध्यम से लगभग 10 करोड़ रुपये का मिला लाभ

# पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की किस्त किसानों के खाते में ट्रांसफर की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला




अंबाला। किसान सखी को सर्टिफिकेट देते हुए परिवहन मंत्री असीम गोयल व कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार पीएम के तौर पर शपथ लेने के बाद सबसे पहला कार्य किसानों का सम्मान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त के तहत 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा ट्रांसफर एवं कृषि पैरा विस्तार कार्यकर्ता के रूप में कृषि सखियों का प्रमाणीकरण वर्चुअल माध्यम से वाराणसी उत्तर प्रदेश से किया गया जिसे पंचायत भवन अम्बाला शहर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने देखा और सुना।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करनाल से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले के 47980 किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 9 करोड़ 59 लाख 60 हजार रुपये की राशि का हस्तांतरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया है। देश के अन्नदाताओं के सशक्तिकरण के लिए जहां भारत को मजबूत आधार मिल रहा है वहीं बीज से बाजार तक हर क्षेत्र में किसानों के चौतरफा विकास पर ध्यान केन्द्रित करके योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना चलाई जा रही है जिसके माध्यम से किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आती तथा किसान की फसल की बिक्री की राशि सीधे उनके खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि मेरा पानी मेरी विरासत के माध्यम से किसानों को कम पानी में पैदा होने वाली फसलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है और उन्हें 7 हजार रुपये की राशि इस योजना के अंतर्गत दी जाती है। उन्होंने कहा कि भांवातर भरपाई योजना में 14 फसलों को लिया गया है तथा भाव में अंतर होने पर सरकार उसकी भरपाई किसानों को कर रही है और किसानों को इसका बेहद लाभ मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार का यह ध्येय है कि किसान सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत बने, उसकी आय में बढ़ोतरी हो, इसी को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य एक ऐसा इकलौता राज्य है जहां एमएसपी पर 14 फसलों की खरीद की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन दीदी, लखपति दीदी जैसी योजनाएं शुरू की है। उन्होंने किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि योजना से संबंधित कोई सुझाव अथवा सिस्टम में किसी प्रकार के सुधार से सम्बन्धित उनके कोई सुझाव है तो वे उनके संज्ञान में ला सकते हैं। महिलाओं को लोगों को सशक्त करने के लिए कृषि सखी कार्यकम शुरू किया गया है जिसके तहत कृषि सखी बनने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कृषि के विभिन्न पहलूओं में प्रशिक्षित किया जाता है। कार्यक्रम में ऐसी 13 कृषि सखियों को ट्रेनिंग उपरांत प्रमाण पत्र भी परिवहन मंत्री असीम गोयल द्वारा प्रदान किए गए। इन कृषि सखियों को पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के द्वारा ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 11 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 3.03 लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है।

### महिलाओं को कृषि के लिए प्रशिक्षित किया

कृषि सखी कार्यक्रम के तहत कृषि सखी बनने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कृषि के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाता है। देश में अब तक 34 हजार कृषि सखियों को पैरा विस्तार कार्यकर्ता के लिए रूप में प्रमाणित किया गया है। कृषि सखी कार्यक्रम लखपति दीदी अभियान का हिस्सा है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. तथा उपायुक्त डॉ. शालीन व कार्यकम में मौजूद किसानों व कृषि सखियों का स्वागत करते हुए बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतू भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। प्रधानमंत्री द्वारा इस योजना की घोषणा अक्तूबर 2018 में की गई थी। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीइओ जिला परिषद नवीन आहुजा, आईटी निदेशक एवं डीआईओ अरविंदरजोत सिंह, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएचओ विरेंद्र सिंह, भाजपा नेता हितेष जैन, तकनीकी सहायक दीन दयाल शर्मा सहित काफी संख्या में किसान और कृषि क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं मौजूद रही।



अंबाला। तहसीलदार अभिषेक पिलानिया लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

## समाधान शिविर में 65 लोगों ने रखी शिकायतें

- तहसीलदार ने अधिकारियों को सभी समस्याओं के समाधान के आदेश दिए
- पेंशन व प्रॉपर्टी टैक्स से जुड़ी शिकायतों का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

तहसीलदार अभिषेक पिलानिया ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में 65 समस्याएं आई, जिनमें से सबसे अधिक परिवार पहचान पत्र से संबंधित थी। इसके अलावा नालों की सफाई, प्रोपर्टी टैक्स, बिजली , लाडली व दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से जुड़ी थी। बता दें की लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आने वाली हर समस्या की रिपोर्ट के बारे में रोजाना मुख्यालय द्वारा समीक्षा की जाती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश में समाधान शिविर जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे है। जिनमें नागरिकों की समस्याएं सुन कर उनका समाधान किया जाता है। तहसीलदार अभिषेक पिलानिया ने कहा कि जनता की समस्याओं का जल्द समाधान करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब प्रत्येक कार्य दिवस में लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन कर समाधान सुनिश्चित किया जाता है। यह कार्यक्रम समस्याओं के त्वरित समाधान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है। प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविर का आयोजन करके समस्याओं को दूर किया जा रहा है ।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकित व साहिल उर्फ शैली को गिरफ्तार किया है। मिठ्ठापुर के संदीप कुमार ने 28 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अंकित, साहिल व अन्य ने उस पर चाकू से वार कर जान से मारने की धमकी दी।देने का अपराधिक कार्य किया है। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज चोरी के मामले पुलिस ने आरोपी अरूण को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार है। चंद्रपुरी के संदीप ने 7 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने चंद्रपुरी कॉलोनी में स्थित उसके घर से गहने व नकदी चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## निर्जला एकादशी पर मीठे पानी से राहगीरों की प्यास बुझाई

- ट्रस्ट यूके (भारत) ने अधोई के बस स्टैंड पर की सेवा
- ग्लूकोस व अन्य ऊर्जा वर्धक पेय पदार्थ उपलब्ध करवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



बराड़ा। अधोई में छबील लगाते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

बराड़ा- शाहाबाद रोड पर स्थित गांव अधोई के बस स्टैंड पर संस्था सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) एवं गांव के लोगों के सहयोग से ठंडे व मीठे जल की छबील लगाई गई व राहगीरों को पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई । संस्था के प्रांतीय प्रधान पवन पराशर ने बताया कि गत कई दिनों से निरंतर उत्तर भारत के अधिकांश क्षेत्र में बहुत अधिक गर्मी पड़ी रही है । भीषण गर्मी व अत्यधिक धूप के चलते राहगीरों की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है तथा डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं । ऐसे में हमें गर्मी में बार-बार पानी की प्यास लगती है इसलिए लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत देने के लिए संस्था द्वारा लगातार हरियाणा और पंजाब के विभन्नि जिलों में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा अलग-अलग जगहों पर छबील लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि छबीलों को सफल बनाने में संस्था की सह-प्रायोजक डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से ग्लूकोस व अन्य ऊर्जा वर्धक पेय पदार्थ उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सूबेदार दलीप शर्मा, चमन लाल सुदन, कस्तूरी लाल, हर्ष शर्मा, शिवदेव, जरनैल सिंह, राजू पंडित, काका पंडित, नमित, गगन, विशाल, अरुण, जोधबीर सिंह आदि स्वयं सेवकों का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा।

## भाजपा ने दस सालों में प्रदेश की जनता को केवल गुमराह किया : मेहता

- अंबाला शहर में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की रैली को लेकर शुरू किया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



नारायणगढ़। रैली के लिए कार्यकर्ताओं से मिलते अशोक मेहता। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा चुनाव पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत से नेता व कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। अब आने वाले विधानसभा चुनावों में भी नेताओं को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने की संभावना है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने 23 जून को अंबाला के कर्ण पैलेस में होने वाली भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मीटिंग को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान उपरोक्त दावा किया है। मेहता ने कहा कि अब पूरे राज्य की जनता जान चुकी है कि हुड्डा का 10 वर्ष का कार्यकाल प्रदेश के लिए स्वर्ण काल था। प्रदेश में बीजेपी करीब 10 साल से सत्ता पर काबिज है। उन्होंने राज्य को विकास के पैमाने पर पीछे धकेल दिया है। जनता को इन 10 वर्षों में केवल गुमराह किया गया है। जब कांग्रेस सत्ता में थी तब प्रदेश प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून व्यवस्था, खेल और नौकरियां देने में नंबर एक था । अब प्रदेश बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था खराब होने में नंबर वन है। व्यापारियों से खुलेआम फिरौती मांगी जा रही है। आज हरियाणा में कोई भी वर्ग अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी अपने चरम पर है। पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। बेरोजगारों की लाइन लगी है। नौकरियों को लगभग समाप्त कर दिया गया है। कौशल रोजगार के नाम पर पढ़े-लिखे युवक-युवतियों का शोषण हो रहा है। रोजगार एकदम समाप्त हो गया है। बाजार बिल्कुल सूने पड़े हैं। दुकानदार परेशान हैं। ऐसा समाज को कोई वर्ग नहीं है जो इस सरकार से तंग न हो।

### किसानों को न्याय नहीं मिला

उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि शुगर मिल से अपनी बकाया पेमेंट लेने के लिए किसान पिछले लंबे वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। उन्हें उनकी ही फसल के पैसे नहीं मिल रहे हैं। आए दिन शुगर मिल में हड़ताल चलती रहती हैं लेकिन आज तक किसानों को न्याय नहीं मिला। मेहता ने कहा कि 2019 में महज 28 प्रतिशत वोट पाने वाली कांग्रेस ने 2024 के चुनाव में करीब 16 प्रतिशत अधिक मत हासिल किए हैं। भारतीय जनता पार्टी की सीटें 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 के आम चुनाव की तुलना में आधी रह गई हैं। इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है भाजपा का वोट प्रतिशत 58 से घटकर 46 फीसदी रह गया है। जनता का मोह भाजपा से भंग होना शुरू हो गया है और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का ग्राफ बुरी तरह से नीचे गिरेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की 10 में से 5 सीटों पर जीत और वोट प्रतिशत बढने से तमाम कार्यकर्ता बेहद प्रसन्न हैं।

## शैक्षिक गतिविधियों का लिया फीडबैक

- खंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई की बैठक का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

मंगलवार को खंड संसाधन संयोजक कार्यालय में खंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई की बैठक का सफल आयोजन हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता खंड संसाधन संयोजिका अधिकारी मोनिका और खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार राणा के नेतृत्व में की गई। बैठक में खंड के संकुल-प्रभारियों, प्रतिनिधियों, बीआरपी, एबीआरसी सहित जिला कोर्डिनेटर एफएलएन मनोज कुमार ने भाग लिया। बैठक में मेंटर्स विजिट लक्ष्य पूरे करने, मोनिटरिंग प्रोसेस, एफएलएन ट्रेनिंग फीडबैक, स्कूलों में उपलब्ध किताबों की जानकारी, टीजी व वर्कबुक, एमआईस पर कार्य, ग्रीष्मकालीन गृह कार्य, अकादमिक सहायता देने, रेमेडियल कार्यक्रम, प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' के तहत 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के नए निरक्षर युवाओं का सर्वे सुनिश्चित करना, सर्वोत्तम गतिविधियों के माध्यम से स्टार शिक्षक की पहचान और सूचना खंड स्तर सूचना भिजवाने, शत प्रतिशत नामांकन करने व विभाग द्वारा चलाये जा रहे ऑनलाइन कोर्स से जुड़ी फीडबैक ली गई। बैठक के अंत में, शिक्षा विभाग की योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि सभी तक लाभ पहुंच सके।

## मंत्री ने दिए नालों की सफाई के आदेश

- भाजपा कार्यकर्ता खुद सफाई कार्य पर रख रहे हैं नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। नाले की सफाई करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर में विधायक व परिवहन मंत्री के आदेश पर नालों व नालियां की सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। बरसाती सीजन शुरू होने से पहले परिवहन मंत्री ने नगर निगम अधिकारियों को शहर के तमाम नाले नालियों की सफाई के आदेश दिए हैं। इस काम में नगर निगम के साथ सिंचाई विभाग एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों भी भरपूर सहयोग दे रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता सुरेंद्र घई टीटू ने बताया कि घग्गर से नदी से लेकर बलदेव नगर तक अम्बाला ड्रेन का काम सिंचाई विभाग द्वारा करवाया जा रहा है जोकि यहां काम युद्ध स्तर पर जारी है। बीते रोज तक गांव देवीनगर तक कार्य पूर्ण हो चुका था। देवीनगर से लेकर मनमोहन नगर तक ड्रेन की सफाई पूरी हो जाने की संभावना है। बलदेव नगर में भी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे ड्रेन की सफाई का कार्य जोरों से चल रहा है। घई ने बताया कि अंबाला शहर में सेशन ड्रेन, इंको ड्रेन, घेल ड्रेन का भी काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। अंडर ब्रिज रेलवे लाइन के नीचे रेलवे विभाग द्वारा की गई लापरवाही से जो रूकावट पैदा हो रही है उसको भी हटा दिया गया है।

## लो वोल्टेज व अघोषित कट से जनता परेशान : जैन

- घंटों तक बिजली गुल रहने से जनता का हो रही बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



एडवोकेट रोहित जैन।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि उमस भरी गर्मी और ऊपर से लगातार हो रही बिजली की कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। जगह जगह कई घंटों तक बिजली गुल रहने से जनता का हाल बेहाल है। जैन ने कहा कि दिन हो या रात बस लोगों को अघोषित बिजली कटौती का ही भय सताता रहता है कि बिजली ना जाने कब गुल हो जाए। उन्होंने कहा जहां अघोषित कटों से लोग परेशान है वहीं लो वोल्टेज से भी जनता त्राहिमाम कर रही है। इसका कारण इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत न करना है। बिजली विभाग को पूरी सुविधा न देना कारण है। जैन ने कहा बिजली कटौती के कारण लोगों की पूरी दिनचर्या खराब होकर रह जाती है। उमस भरी गर्मी से छोटे बच्चे, महिला और बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए बनाए गए शेड्यूल के अनुसार भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके कारण आजकल पड़ रही चिपचिपाती गर्मी और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की रात की नींद और दिन का चैन छीन लिया हैं। वही छोटे उद्योग व बिजली पर नर्भिर दुकानदारों में बिजली निगम के प्रति खासा गुस्सा व्याप्त है। बिजली कटौती ने पेयजल आपूर्ति को भी बिगाड़ दिया है। कई जगहों पर पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है, गंदा पानी आने से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### एमएमयू की छात्रा का आइफोन छीन ले गए बाइक सवार

**मुलाना।** एक छात्रा से मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश युवकों ने उसका आईफोन 14 मोबाइल छीन लिया । छात्रा जैसे ही बस से उतरी तभी उन्होंने वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शिवानी ने बताया कि वह एमएमडी यूनिवर्सिटी की छात्रा है। वह सोमवार को इंटरशिप के लिए अंबाला गई थी । जब वह वापिस आई तो बस से नीचे उतरते ही मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश युवकों ने उसके हाथ से आईफोन 14 मोबाइल छीन लिया। उसने शोर भी मचाया, लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

### एसडीएम बोले योग से व्यक्ति का होता है सर्वांगीण विकास

## योग दिवस को लेकर पुलिस लाइन ग्राउंड में रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। योगभ्यास में हस्सिा लेते सरकारी अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मंगलवार को पुलिस लाइन ग्राउंड पूर्वाभ्यास किया गया। उपायुक्त डॉ. शालीन के मार्गदर्शन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की रिहर्सल का शुभारंभ एसडीएम दर्शन कुमार ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। योग करने से व्यक्ति का शरीर स्वस्थ रहता है और वह मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि योग से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि योग के महत्व को पूरा विश्व जान चुका है और इसलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जाएगा। इसी तर्ज पर ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ नवीन आहुजा ने कहा कि 19 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल प्रातः 6 बजे होगी। इस कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष और कर्मचारी भाग लें। उन्होंने कहा कि योगा दिवस कार्यक्रम में आमजन भी भाग लें। उन्होंने कहा कि योग दिवस की फाइनल रिहर्सल में पुलिस, स्वास्थ्य, आयुष, स्कूली बच्चे, अध्यापक, नेहरू युवा केंद्र, रेडक्रॉस, पंतजलि योग पीठ तथा भारतीय योग संस्थान सहित अन्य संस्थाएं और सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी समय पर पहुंचकर हिस्सा लें।

### विभिन्न क्रियाओं के लाभ बताए

इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. संदीप मलिक द्वारा किया गया और आयुष विभाग से नीरू अग्रवाल, भारतीय योग संस्थान से विशाल वर्मा द्वारा प्रोटोकोल अनुसार योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने योग, प्राणायाम व ध्यान की विभिन्न क्रियाओं के लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीएसओ डॉ. प्रवीन कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा सहित विभन्नि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005